## खबर संक्षेप

### जिला सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आज

**सतना।** हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत जिला सतर्कता समिति एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 7 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### युवा नेता शिवम बने मध्यप्रदेश कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव

**मैहर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस युवा मोर्चा का प्रदेश सचिव शिवम पांडे को नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के युवाओं में हर्ष का माहौल है। श्री पांडे ने इस अवसर पर कहा कि वह संगठन की नीतियों और नेतृत्व के मार्गदर्शन में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने तथा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

### जनता को बड़ी राहतः बिजली बकायों पर सरकार ने दिखाई संवेदनशीलता

**मैहर।** प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। मध्य प्रदेश सरकार ने विद्युत उपभोक्ता समाधान योजना लागू की है,जिसके तहत बकायादार उपभोक्ताओं को ब्याज और अधिभार में बड़ी छूट दी जाएगी और किश्तों में भुगतान की सुविधा भी मिलेगी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैहर नगर पालिका परिषद के पार्षद एवं जिला विकास एवं सलाहकार समिति के सदस्य भाजपा नेता रवि सराफ ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। पार्षद सराफ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी का यह निर्णय गरीब,मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों के हित में संवेदनशीलता और जनसेवा की मिसाल है। यह योजना उन परिवारों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है जो आर्थिक तंगी के कारण बिल नहीं चुका पा रहे थे। उन्होंने इस योजना का स्वागत करते हुए कहा कि यह जनहित की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और जनता में यह विश्वास बढ़ा है कि 'मोहन सरकार' वास्तव में जनता की सरकार है।

# सतना एयरपोर्ट विस्तार पर संकटः अवैध कब्जों को हटाने के लिए एएआई को 'अतिक्रमण अधिकारी' नियुक्त करने का पत्र, महापौर समेत 70 को नोटिस

**सतना।** सतना हवाई अड्डा विस्तार परियोजना में बाधक बने अवैध कब्जों को हटाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने अब एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) को ही कमान सौंपने की पहल की है। एसडीएम सिटी ने सतना और भोपाल एयरपोर्ट डायरेक्टर को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखकर एएआई अधिनियम के तहत विशेष 'अतिक्रमण अधिकारी' की नियुक्ति करने का आग्रह किया है। एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया ने बताया है कि चूंकि यह जमीनें एएआई की हैं,इसलिए नगर निगम और राजस्व विभाग सीधे तौर पर यहां से अतिक्रमण नहीं हटा सकते। एएआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, केवल विशेष तौर पर नियुक्त अतिक्रमण अधिकारी ही यह कार्रवाई कर सकते हैं।



### अतिक्रमण हटाने के लिए कानूनी प्रावधान

एसडीएम ने पत्र में स्पष्ट किया है कि एएआई अधिनियम में हवाई अड्डा परिसरों में अवैध कब्जे हटाने, अवैध निर्माण को निष्कासित करने और हर्जाने की वसूली का प्रावधान है। धारा 28बीः इसके तहत अतिक्रमण अधिकारी नियुक्त किया जाता है। धारा 28 सीः नियुक्त अधिकारी बेदखली का नोटिस जारी करता है। धारा 28 डीः बेदखली का आदेश पारित किया जाता है। धारा 28 एफः इसके जरिए अवैध निर्माण हटवाया जाता है। यह पहल बीते माह भोपाल में हवाई अड्डा विस्तार को लेकर आयोजित विशेष बैठक में लिए गए निर्णय के बाद की गई है,जहां मास्टर प्लान की जमीनों से अवैध कब्जा हटाने का निर्णय लिया गया था।

### महापौर समेत 70 लोगों को नोटिस जारी

दूसरी ओर,हवाई अड्डे की जिन जमीनों को विधि विपरीत तरीके से निजी संपत्तियों में बदल दिया गया था, उन्हें वापस शासकीय घोषित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन ने इन जमीनों पर काबिज करीब 70 लोगों को नोटिस तामील करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। नोटिस पाने वालों में सतना के महापौर योगेश ताम्रकार (विंध्या बोर्ड प्रा.लि.सतना के डायरेक्टर के तौर पर),आनंद कुमार गुप्ता, हेमलता कापड़ी,मणि नागदेव,कोमल नागदेव,नितिन वाधवानी,मीनू पुरस्वानी,दीपक सोईं,प्रेरणा सिंह पत्नी राजकिशोर सिंह,संजय जैन,मनीषा जैन सहित कई रसूखदार नाम शामिल हैं। इसके अलावा,ग्राम कोलगवां में कैलाश कुमार गुप्ता,सागर चंद्र,पुरुषोत्तमदास,विजय कुमार,अजय कुमार,सुभाषचंद्र गुप्ता,ऊषा गौतम,रामानुज गुप्ता,तुलसी देवी,नितेश कुमार गुप्ता,ऊषा टमानी,रीता कुशवाहा,रामकिशोर मिश्रा,किरण शर्मा, गुलाबकली, राजधर शुक्ला,सरोज कुमार,विवेक गुप्ता,संजीव कुमार गुप्ता,राम लखन गुप्ता,भोला प्रसाद गुप्ता,सुरेश आदि लोगों सहित हरिजन छात्रावास को भी नोटिस जारी किया गया है। इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि सतना में हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर प्रशासन अब किसी भी तरह की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है और जल्द ही बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे हटने की संभावना है।

## नागौद पुलिस ने पकड़ी 54 लीटर अवैध शराबः दो तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**सतना।** नागौद पुलिस को अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 54 लीटर अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल जब्त की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 27,800 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नागौद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी,तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तुर्री की ओर से चकहट तिराहा की तरफ एक ग्रे रंग की होण्डा साईन मोटरसाइकिल एमपी 19 एम क्यू 1438 पर दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर आ रहे हैं।

### चकहट तिराहे पर दबोचा

सूचना के आधार पर पुलिस टीम चकहट तिराहा स्थित स्कूल के पास पहुंची और नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद तुर्री की तरफ से बताई गई हुलिए और रंग की मोटरसाइकिल आती दिखी,जिसे रोक लिया गया। मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम संदीप उर्फ विकाश उर्फ आकाश जैसवाल 26 वर्ष,निवासी उतैली,थाना कोलगंवा और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सुभाष उर्फ शुभम जैसवाल 27 वर्ष,निवासी छत्रपति नगर,थाना समान,रीवा बताया।

### देशी-विदेशी दोनों शराब जब्त

पुलिस ने मोटरसाइकिल के बीच में रखी बोरी और कार्टूनों की तलाशी ली,जिसमें अवैध शराब बरामद हुई। चार कार्टूनों में प्रिंस देशी मदिरा प्लेन की कुल 200 शीशी 36 लीटर। चार सफेद बोरियों में गोवा अंग्रेजी व्हिस्की की कुल 100 शीशी 18 लीटर। कुल 300पाव यानी 54 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।आरोपी शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने के बाद दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### ये रहे सराहनीय भूमिका में

इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक रामसुरेश अहिरवार, प्रधान आरक्षक पंकज मिश्रा,प्रधान आरक्षक राजेन्द्र पाण्डेय,आरक्षक ओमप्रकाश तिवारी और सैनिक मोतीलाल कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महापौर ने 61.55 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया; वार्ड 42 में डामरीकरण और वार्ड 29 में नाली मरम्मत कार्यों की शुरुआत



**सतना। नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए,महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने दो अलग-अलग वार्डों में कुल 61.55 लाख की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इन कार्यों में सड़क निर्माण,नाली-पुलिया मरम्मत और नाली कवरिंग शामिल हैं।**

### वार्ड क्रमांक 42 में डामरीकरण कार्य

महापौर श्री ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 42 के विभिन्न स्थलों पर 22.75 लाख की लागत से होने वाले डामरीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रसेनजीत सिंह 'पिक्की' एवं नीरज शुक्ला,जिला महामंत्री युवा मोर्चा अतुल श्रीवास्तव,अज्जू द्विवेदी,मन्नी शर्मा,कुलदीप सिंह,अजीत पांडे,सौरव सोनी,संतोष अगहरी,सुश्री प्रिया,राजेश द्विवेदी एवं बंसीलाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक और स्थानीय जन उपस्थित रहे।

### वार्ड क्रमांक 29 में नाली एवं पुलिया मरम्मत कार्य

इसी दिन,महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा वार्ड क्रमांक 29 के विभिन्न स्थलों पर कुल राशि 38.80 लाख के नाली पुलिया मरम्मत कार्य एवं नाली कवर्ड कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिक निगम सतना के स्पीकर राजेश चतुर्वेदी (पालन),निर्माण विभाग अध्यक्ष ग़ोपी गेलानी, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 29 श्रीमती रानी बालकृष्ण शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहीं। नगर निगम की ओर से,कार्यपालन यंत्री आर.पी.सिंह,सहायक यंत्री एवं जोनल अधिकारी जोन क्रमांक-01 रोजल प्रताप सिंह,और उपयंत्री जोन क्रमांक-01 सुश्री सुहालिया अंसारी भी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## 51वां उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह मैहर में 7 से 9 नवम्बर तक

**मैहर।** मैहर में प्रतिवर्ष होने वाली ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का 51वां आयोजन बड़े धूमधाम से 7 से 9 नवम्बर तक किया जाएगा। मैहर में होने वाले प्रसिद्ध संगीत समारोह की तैयारियों जोर-शोर से की जा रही है। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल और जिला प्रशासन मैहर के संयुक्त तत्वाधान में यह समारोह स्टेडियम ग्राउंड मैहर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सभी नागरिकों का प्रवेश निःशुल्क होगा। 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह का शुभारंभ 7 नवम्बर को सायं 7 बजे से स्टेडियम ग्राउण्ड मैहर में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति पर्यटन,धार्मिक न्याय एवं धर्मस्व विभाग मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतना सांसद गणेश सिंह,विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मैहर गीता संतोष सोनी की विशेष गरिमामय उपस्थिति रहेगी। 51वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह में देश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के साथ ही चयनित क्षेत्रीय और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होगी। 7 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द संगीत सभा की शुरुआत की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 नवम्बर को रूपरानी दास एवं साथी दिल्ली द्वारा कथक समूह नृत्य, इन्दौर की कनकश्री भट्ट गायन तथा सिराज अली खां कोलकाता द्वारा सरोद वादन की प्रस्तुतियां होगी। 8 नवम्बर की संगीत सभा में मैहर का वाद्य वृन्द,आरोही मुंशी दिल्ली की भरतनाट्यम एकल नृत्य, सुचिस्मिता साहू एवं साथी उडीसा का ओडिसी समूह नृत्य,अवधेश सिंह तोमर सागर का गायन, अश्वनी शंकर दिल्ली का शहनाई जुगलबंदी,सचिन कुम्हरे रायपुर का कथक एकल की प्रस्तुतियां होगी। 9 नवम्बर को मैहर वाद्य वृन्द,अनुराधा पाल मुंबई-रविशंकर उपाध्याय दिल्ली का तबला-पखावाज जुगलबंदी,कविता शाजी एवं साथी भोपाल द्वारा मोहिनीअट्टम समूह नृत्य,विनोद मिश्रा सतना का गायन,संगीत शंकर वाराणसी का वायोलिन वादन तथा मानव महंत ग्वालियर का कथक युगल की प्रस्तुतियां दी जाएगी।




## मैहर में अमित बघेल के विवादित बयान पर आक्रोश रैली, पुतला दहन



**मैहर।** हाल ही में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी प्रमुख अमित बघेल द्वारा महाराजा अग्रसेन जी (अग्रवाल समाज के मुखिया) और झूलेलाल जी (सिंधी समाज के आराध्य देव) के विरुद्ध दिए गए अपमान जनक बयान के विरोध में नगर में सिंधी समाज एवं अग्रवाल समाज के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से आक्रोश रैली निकाली गई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर चौराहे पर पहुँची,जहाँ अमित बघेल का पुतला दहन किया गया। समाज के लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आपत्तिजनक बयानों की निंदा की। इसके बाद समाज के सदस्यों ने कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर अपर कलेक्टर संजना जैन को ज्ञापन सौंपा और दोषी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में सिंधी समाज,अग्रवाल समाज के पदाधिकारी,और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे,जिन्होंने समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने और धार्मिक भावनाओं के सम्मान की अपील की। इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

## मैहर पुलिस का 'ऑपरेशन प्रहार 2.0': 19 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार!

**मैहर। पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के सघन निर्देशन में चलाए जा रहे नशा-विरोधी अभियान "ऑपरेशन प्रहार 2.0" के तहत, मेडिकल नशे के अवैध कारोबारियों पर मैहर पुलिस का प्रहार लगातार जारी है। संपूर्ण रीवा जोन पुलिस द्वारा इस अभियान के अंतर्गत की जा रही लगातार कार्रवाइयाँ नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

इसी कड़ी में थाना ताला पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम इटमा खजुरी में रेड कार्यवाही की।

### 19 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप सहित आरोपी गिरफ्तार

ताला पुलिस ने रेड के दौरान आरोपी कैलाश पटेल के कब्जे से 19 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप जब्त की। अवैध मादक पदार्थ रखने के आरोप में आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कैलाश पटेल पिता केदार प्रसाद पटेल,उम्र 31 वर्ष,निवासी ग्राम इटमा,थाना अमरपाटन,जिला मैहर मैहर पुलिस द्वारा की गई यह सख्त कार्रवाई आमजन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध कारोबारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## विद्युत विभाग की 47वीं अंतर्क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता का सतना में शानदार आगाज़!

**सतना।** स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र सतना में गुरुवार,6 नवंबर को विद्युत विभाग की 47वीं अंतर्क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आईं 14 टीमें हिस्सा ले रही हैं। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश की नगरीय विकास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने प्रतियोगिता के प्रारंभिक कार्यक्रम में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि,प्रदेश से आए सभी खिलाड़ी अच्छा खेलते हुए राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करें,हम सतना में आए सभी खिलाड़ियों से यही कामना करते हैं।

### खेल की विधिवत शुरुआत

विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता श्रीमती प्रमा पाण्डेय ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलवाकर खेल की शुरुआत करवाई।अधीक्षण अभियंता पी.के.मिश्रा ने प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों ने खेल हॉल में लगे कैरम बोर्ड पर गोटी खेलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत कार्यपालन अभियंता शहर नीलाभ श्रीवास्तव,पंकज द्विवेदी, राजकुमार पाण्डेय,रत्नेश कुमार सिंह,और एम.एल.चंदेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय ऑब्जर्वर नीरज दुबे और रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता श्रीराम पाण्डेय भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि नामदेव महाराज की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755 वी जयंती नामदेव समाज के द्वारा धूमधाम से मनाई गई।तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत धरवारा मैं नामदेव समाज के द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुरुआत शोभायात्रा से गई जहां संत शिरोमणि नामदेव महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा का आगाज किया गया।

शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण करते हुये कार्यक्रम स्थल पहुँची।जहां पूजा- अर्चना की गई।शोभायात्रा से मानवता की सेवा व कल्याण का संदेश दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपसरपंच अमित गर्ग ने कहा कि नामदेव समाज की समाजिक जीवन में महती भूमिका रहती है।नामदेव समाज ने समाज को हमेशा सजाने और संवारने का काम किया है ।संत शिरोमणि महाराज का जीवन हमे त्याग, तपस्या, अहिंसा और भक्ति की सीख देता है।हर मनुष्य भगवान की भक्ति करे ,स्वयं की आध्यात्मिक उन्नति करे और मानवता का भी कल्याण करे।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज प्रेम, सत्य अहिंसा व सद्भाव के प्रतीक थे।संत शिरोमणि नामदेव महाराज ने श्रद्धा और भक्ति के माध्यम से जीवों के कल्याण का जो अद्वितीय मार्ग दिखाया वह अनंत काल तक हम सबके जीवन को शुभ प्रकाश और सार्थक दिशा देता रहेगा।कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के तहत संध्या कीर्तन व रात्रि जागरण किया गया।कार्यक्रम समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान भगवानदास नामदेव, रामकुमार नामदेव,परम लाल नामदेव, उपसरपंच अमित गर्ग,पंच जमुना कोल,सुभाष साहू ,मुकेश नामदेव ,गोविंद नामदेव,भागचंद नामदेव, उत्तम नामदेव, ज्ञानचंद, पंकज नामदेव सहित समाज के अन्य जनो की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी

**अमानगंज।** अमानगंज कृषि उपज मंडी में हुई प्रारंभअधिक संख्या में खरीदी केंद्र पहुंचकर किसान उपज का करें विक्रय योजना का लें लाभमध्यप्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी का कार्य अब पन्ना जिले में भी शुरू हो गया है।अमानगंज कृषि उपज मंडी में आज से सोयाबीन की खरीदी औपचारिक रूप से प्रारंभ की गई।]अमानगंज कृषि उपज मंडी में किसानों द्वारा पहुचकर सोयाबीन का उपज विक्रय करना प्रारंभ कर दिया हैक्योंकि भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी का शुभारंभ आज किया गया।खरीदी केंद्र पर किसानों ने अपनी उपज लेकर पहुंचकर तौल करवाना शुरू किया। कृषि उपज मंडी के अधिकारी जितेंद्र बागरी द्वारा पूरे मामले को लेकर जानकारी साझा कर बताया कि आज आठ किसान मौके पर पहुंचे जिन्होंने अपनी उपज का विक्रय कियाकृषि विभाग और सहकारी संस्थाओं के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे

### शुभम रजक यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शाहनगर से हुए निर्वाचित



**पन्ना।** युवा कांग्रेस के ब्लषक अध्यक्ष चुनाव में षुभम रजक को यूथ कांग्रेस ब्लषक षाहनगर से अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया है। छात्र राजनीति से ही सक्रिय रहे षुभम रजक पूर्व में एनएसयूआई (छैन्प) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। षुभम रजक युवाओं के बीच चर्चित जनहितैशी मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। निर्वाचन परिणाम घोशित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई से जुड़े युवाओं में खुषी की लहर दौड़ पड़ी। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से षुभम रजक का स्वागत किया और मिठाई बाँटी। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए षुभम रजक ने कहा कवे भ्रश्टाचार को जड़ से खत्म करने और युवाओं के हक की आवाज बुलंद करने के लिए पूरी निश्ठा से कार्य करेंगे।

### बीएलओ के अवकाश पर प्रतिबंध



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम घोषित होने के फलस्वरूप समस्त बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर और मास्टर ट्रेनर्स के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए उच्च शिक्षा तथा स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त श्रेणी के लोकसेवकों सहित निर्वाचक नामावली कार्य के लिए संलग्न सभी कर्मचारियों पर अवकाश का यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों से अवकाश के लिए एकल चिकित्सक का मेडिकल प्रमाण पत्र आगामी 7 फरवरी तक मान्य न करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। इससे संबंधित एक प्रकरण में अजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पाठा के प्राथमिक शिक्षक वारिस अली खान द्वारा स्वास्थ्यगत कारणों संबंधी प्रस्तुत आवेदन को अमान्य करने की कार्यवाही की गई है।

### राष्ट्रगीत के 150 वर्ष 7 नवम्बर को होगा वंदे मातरम गायन

**पन्ना।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ को संपूर्ण देश में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे जिला मुख्यालय पन्ना सहित तहसील और विकासखंड मुख्यालय में वंदेमातरम् का संपूर्ण गायन होगा। इसके उपरांत सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में नई दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सत्यापन उपरांत आहरित होगा वेतन

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के मद्देनजर आदेश जारी कर समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की वेतन का आहरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सत्यापन के आधार पर करने के निर्देश दिए गए हैं। बीएलओ द्वारा गत 4 नवम्बर से मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर एकत्रित करने का कार्य आरंभ किया गया है। इस दौरान सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर पूर्णकालिक रूप से मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में ही संबद्ध रहेंगे। इसके लिए संबंधित कार्यालय प्रमुखों को भी निर्धारित अवधि तक बीएलओ के विभागीय कार्यों का संपादन अन्य कर्मचारियों से कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

---

### पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया रहे कार्यक्रम के मुख्य अथिति

# ग्राम पंचायत खोरा में आयोजित हुआ भव्य विराट इनामी दंगल

### सरपंच शुभकान्त व सचिव रामकिशुन ने किया जनता का आभार







**अजयगढ़ -अजयगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खोरा मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अथिति मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ बजरंग बली कि पूजा अर्चना के साथ किया गया। इसके उपरांत मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश सहित विभिन्न प्रदेशों से आये हुए पहलवानों के द्वारा अपने दावपेचों का प्रदर्शन किया गया।**

कुश्ती कार्यक्रम मे क्षेत्रीय पहलवान फूलचंद्र इमलाहट व दिल्ली के पहलवान भूरा कि कुश्ती आकर्षक रही जिसे क्षेत्र के पहलवान ने तय समय से कम मे जीत हासिल कि इसके उपरांत अंतिम कुश्ती श्याम पहलवान व विवेक पहलवान कि रही जिसकी विजेता राशि 11 हजार रूपये निर्धारित कि गई जिसे श्याम पहलवान ने जीत हासिल कि। दंगल कार्यक्रम मे समरजीत पहलवान सढ़ा,कपिल पहलवान मासोनी, प्रदीप पहलवान बाँदा, रवि पहलवान मढ़गाँव, संजय पहलवान मानिकपुर, सुशील पहलवान बनारस, रामबरन पहलवान बबेरू के द्वारा अपने अपने दावपेचो से लोगो का भरपूर मनोरंजन किया। रेफरी की भूमिका लक्ष्मी लोध नब्बू पहलवान, मंच संचालन कमलेश पहलवान एवं उमेश निगम जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से वरिष्ठ बीजेपी नेता उमेश निगम, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सरपंच शुभकान्त सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष व नायगाव सरपंच कौशल किशोर, जिला उपाध्यक्ष रामायण लोधी, बृन्दावन पटेल, सचिव रामकिशुन प्रजापति, रामगोपाल, मनोज सिंह, लाला राम, नारायणपुर सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना लोध, तुलसीदास, जानकी प्रसाद, पूर्व बीएमओ अजयगढ़ डॉ केपी राजपूत, बाबूलाल वर्मा, जानकी प्रसाद रेहुंची सरपंच, शारदा प्रसाद सिंह एडवोकेट, शिवकुमार बाबू सिंह चंदन सिंह, राकेश सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य नौहाई बांदा, राजेन्द्र लोधी के साथ साथ नायब तहसीलदार धनीराम अहिरवार, धरमपुर थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत, खोरा चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था मे राधेश, जीतेन्द्र मिश्रा, अजीत यादव, देवराज ने अपना सहयोग दिया इस दौरान हजारों कि संख्या मे भीड़ उपस्थित रही।

---



### कलेक्टर ने उर्वरक वितरण व्यवस्था का लिया जायजा, सोयाबीन विक्रय केंद्र भी देखा

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने गुरुवार की सायं अमानगंज एवं पवई पहुंचकर उर्वरक वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही खाद के उपलब्ध स्टॉक, संधारण और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वितरण केंद्र पर किसानों की सुविधाओं के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। इसके अलावा वितरण केंद्र परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देशित किया। जिला कलेक्टर ने म.प्र.राज्य विपणन संघ के भंडारण केंद्र हिनौती अमानगंज के व्यवस्थापक से किसानों की संख्या और दस्तावेज व पंजी संधारण सहित नकद खाद वितरण की जानकारी लेकर निरंतर टोकन वितरण के जरिए खाद वितरण कराने के लिए कहा। संबंधित अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने अमानगंज कृषि उपज मंडी में सोयाबीन विक्रय करने पहुंचे किसानों से भी चर्चा की और समक्ष में स्कंध के तौल और वजन देखा। भावांतर योजना के संबंध में कृषकों से जानकारी लेकर सोयाबीन सहित अन्य फसल उत्पादन तथा उद्यानिकी फसलों की खेती के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केंद्र के कर्मचारियों से सोयाबीन की क्वालिटी तथा खरीदी केंद्र की अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में पूछा।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने पवई में खाद वितरण केंद्र के अवलोकन के दौरान उर्वरक वितरण समय की जानकारी लेकर काउंटर बढ़ाने और अतिरिक्त पीओएस मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार कर किसानों को बगैर परेशानी के खाद उपलब्ध कराई जाए। जिला कलेक्टर द्वारा भीड़ प्रबंधन, नकद जमा और केंद्र से अन्यत्र खाद परिवहन के लिए भी जरूरी निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार ई टोकन जनरेट करने की व्यवस्था भी की जाए, जिससे बिना लाइन लगे आसानी से सुगमतापूर्वक उर्वरक का वितरण हो सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम समीक्षा जैन एवं उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी भी उपस्थित रहे।

---



### पुलिस को तनाव से मुक्त करने लगाया गया ध्यान सत्र



**अजयगढ़।** पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को तनावमुक्त एवं स्वस्थ बनाए रखने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे है इसी तारतम्भ में पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देशन ने प्रदेश के समस्त जिला इकाइयों तथा समस्त थाना में नियमित ध्यान की परंपरा विकसित करने ध्यान के सत्र कराए जा रहे हैं जिसमें आज पुलिस थाना अजयगढ़ में नवागत ध्यान प्रशिक्षक आरक्षक प्रशान्त कुमार पाठक द्वारा थाना उपस्थित आकर थाना प्रभारी निरीक्षक बखत सिंह ठाकुर और अन्य थाना स्टाफ को ज्ञान के दूसरे सत्र हार्टफुलनेस सफाई के बारे ने बताया गया एवं ध्यान सफाई कराई गई। सत्र के बाद अधिकारी कर्मचारी उत्साहित नजर आए।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत अधिकारियों को सौंपा दायित्व

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने पवई विधानसभा अंतर्गत शाहनगर में आगामी 19 नवम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कानून व्यवस्था सहित सुरक्षा व सत्कार व्यवस्थाओ तथा अन्य आवश्यक तैयारियों व प्रबंध के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है, जिसके तहत आगमन स्थल हेलीपैड में एसडीएम अनिल तलैया एवं प्रभारी तहसीलदार कोमल सिंह, कार्यक्रम स्थल पर संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं एसडीएम आलोक मार्को, मंच पर कानून व्यवस्था के लिए एसडीएम समीक्षा जैन, रेस्ट हाउस में प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, ग्रीन रूम में एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं प्रभारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार अरिहा, सेफ हाउस में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी तहसीलदार ज्योति राजपूत को कानून व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह मीडिया सेक्टर में कानून व्यवस्था के लिए नायब तहसीलदार सुमित तिवारी, महिला सेक्टर क्रमांक 1 में प्रभारी तहसीलदार ममता मिश्रा एवं क्रमांक 2 में रत्नराशि पाण्डेय तथा पुरूष सेक्टर क्रमांक 1 में प्रभारी तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूषाम एवं क्रमांक 2 में प्रभारी नायब तहसीलदार हेमन्त अवधिया को कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेवारी दी गई है। इसी क्रम में अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर बीएलओ के द्वारा किया जा रहा मतदाताओं का सत्यापन

**पवई।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में (एसआईआर) स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम,पता,आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है। मतदाताओं से अपील की गई है कि जब बीएलओ आपके घर आए तो उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। उनके पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपका नाम पता और ईपिक नंबर सहित प्री प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा।यदि कोई व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है तो उसका नाम जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फार्म 6 उपलब्ध कराया जाएगा। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। पन्ना जिले में भी जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा सिंह परमार एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंत राव धुर्वे ने समस्त



निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को दृष्टिगत घर-घर जाकर मतदाता सूची के सर्वे के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर संपर्क कर गणना प्रपत्र का वितरण किया जाएगा। इसी के तहत पवई नगर में भी घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदान केंद्र क्रमांक 126 नगर परिषद पवई में बीएलओ अरविंद दिवाकर पांडे एवं सुपरवाइजर हरिशंकर खटीक की उपस्थिति में घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र प्रदान किया जा रहे हैं। साथ ही उनके जन्म एवं निवास से संबंधित 12 प्रकार के अभिलेख की भी जानकारी मतदाताओं को दी जा रही है।

---

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी पवई को दिया जिला सीईओ के नाम दिया आवेदन

## ग्राम रोजगार सहायकों ने अनुविभागीय अधिकारी पवई पर लगाए अभद्रता करने के आरोप

**पवई।** निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में 4 नवंबर से एस आई आर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग हेतु अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पवई ने जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायकों की तैनाती बीएलओ के सहयोगी के रूप में की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के अनुसार सभी रोजगार सहायक तहसील कार्यालय में उपस्थित हुए थे एवं जो रोजगार सहायक उपस्थित नहीं हुए उनके खिलाफ कारण बताओ सूचना पत्र 23 लोगों का जारी किया था । जिसको लेकर गुरुवार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी होने वाले 23 रोजगार सहायकों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर जब सूचना पत्र का जवाब देने पहुंचे तो अनुविभागीय अधिकारी उन पर भड़क उठी और रोजगार सहायकों के साथ अभद्रता करते



हुए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जिसको लेकर रोजगार सहायकों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पवई को जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम आवेदन दिया है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पर आरोप लगाते हुए लेख किया है कि अनुविभागीय अधिकारी के आदेश क्रमांक 200 निर्वाचन 2025 जो 3 नवंबर 2025 प्रोजिनी की प्रगति के संबंध में बीएलओ के साथ सहयोग करने का आदेश जारी किया गया था,जिसमें सभी ग्राम रोजगार सहायक आदेश अनुसार तहसील कार्यालय में उपस्थित हुए एवं जो रोजगार सहायक उस दिन उपस्थित नहीं हो सके उन पर अनुविभागीय अधिकारी पवई समीक्षा जैन द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र 23 ग्राम रोजगार सहायकों के खिलाफ जारी किया गया था। जिसका जवाब देने हेतु सभी तहसील कार्यालय में अधिकारी के समक्ष गए तो उनके द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया एवं सभी पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी गई । जबकि सभी रोजगार सहायकों ने उनसे निवेदन किया कि उनको विशेष पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ के सहयोग करने के लिए आदेशित किया गया था। इसके अलावा उन्होंने लेख किया है कि इस समय शासन की प्राथमिकता के अनुसार पंचायत में जॉब कार्ड की केवाईसी,आवास सत्यापन, समग्र फीडिंग, मां की बगिया सीएम हेल्पलाइन के निराकरण एवं अन्य कार्य भी हो रहे हैं इसके बावजूद उन्होंने विगत दिनों बीएलओ का सहयोग किया। रोजगार सहायक संगठन ने इस घटना से दुखित होकर एस आई आर के कार्य में सहयोग करने के लिए अपनी असमर्थता जताई है।

### अरण्य भवन पवई में संपन्न हुआ कंबल वितरण



**पवई।** प्रदेश के साथ ही पन्ना जिले सहित पवई नगर एवं क्षेत्र में बादलों के छटने और आसमान साफ होते ही गुलाबी ठंडक ने दस्तक दे दी है। ऐसे में अपनी अनूठी कार्य शैली के लिए पहचाने जाने वाले वन मंडल पवई के द्वारा एक अनोखी पहल की गई है। गुरुवार को अरण्य भवन पवई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दक्षिण पन्ना वन मंडल अधिकारी अनुपम शर्मा एवं जल निगम के महाप्रबंधक शिवम सिंह के मुख्य आतिथ्य में कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें पवई वन परिक्षेत्र में काम करने वाले ग्राम वन समिति सुरक्षा श्रमिकों एवं स्थाई कर्मियों को लगभग 90 कंबल वितरित किए गए। ठंड के मौसम में कंबल पाकर सुरक्षा श्रमिकों एवं स्थाई कर्मियों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल, उपवन मंडल अधिकारी के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

---

**पौधारोपण कर बदली स्कूल की तस्वीर रखरखाव की लेते हैं जिम्मेदारी**

### खुशियों को सकारात्मक रूप देने के लिए स्कूल में पौधारोपण की परंपरा शुरू की

**पन्ना।** पवई शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा विकासखंड पवई में शिक्षक सतानंद पाठक ने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने में मदद करता है, बल्कि यह छात्रों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना भी सिखाता है। इससे छात्रों में सकारात्मकता और खुशी की भावना भी बढ़ सकती है, जब वे अपने द्वारा लगाए गए पौधों को बढ़ते हुए देखते हैं। इस पहल के माध्यम से, छात्र पौधों के महत्व, उनकी देखभाल और पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी सीख सकते हैं। यह एक अच्छा तरीका है स्कूल में एक हरित और स्वच्छ वातावरण बनाने का, और साथ ही साथ छात्रों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का। शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक में विद्यालय में सृजनात्मक सोच की व्यवहारिक कार्यों के लिए स्कूल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया है। शुरुआती परेशानियों से लिया सबक। शिक्षक सतानंद पाठक ने बताया की शुरुआत में यह सोच इतनी आसान नहीं थी लगाए गए पौधों



को मवेशियों द्वारा खा लेना और असामाजिक लोगों द्वारा इसे खराब कर देना आम बात थी। इससे सबक लेकर पहले हमने परिसर की तार को फेंसिंग से सुरक्षित कराया फिर लोगों को जागरूक किया। जिसके बाद हालात बदले और अब यहां अशोक ,जामुन, चमेली, आम , शीशम, अमरुद ,अनार, नीम आदि पेड़ लगाए जा चुके हैं वहीं इसका असर यह है कि पहले जिस स्थान पर गंदगी के साथ आसामाजिक तत्वों का डेरा जमा होता था अब हरियाली दिखाई दे रही है।

## भाजपा की एसआईआर कार्यशाला संपन्नः घर-घर संपर्क अभियान चलाने और नए वोटर जोड़ने पर जोर

**अमानगंज** मंडल में भाजपा ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला गुरुवार को नगर के साईं मंडपम में सम्पन्न हुई। आज बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गुन्नौर विधायक डॉ राजेश वर्मा एवं एसआईआर विधानसभा संयोजक बृजेंद्र खम्परिया शामिल हुएकार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में नाम जोड़ना, त्रुटियों को सुधारना और नए मतदाताओं को शामिल करना था। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए



कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर हर घर तक संपर्क अभियान चलाएं।मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर कार्यक्रम घोषित होते ही भाजपा ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि पार्टी अब बीएलओ की तर्ज पर अपने ब्लॉक लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करेगी, जो घर-घर जाकर मतदाता सूची की पड़ताल करेंगे इस दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

---

## कलेक्टर पन्ना उषा परमार ने खाद गोदाम अमानगंज का किया निरीक्षण, दिए निर्देशः कलेक्टर उषा परमार

**निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को कई सख्त निर्देश दिए- कलेक्टर उषा परमार**

अमानगंज

**गुरुवार शाम 4 बजे अचानक अमानगंज पहुँचीं और वहाँ के खाद गोदाम का निरीक्षण किया।उन्होंने खाद के भंडारण, गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था की बारीकी से जाँच की।**

कलेक्टर ने कहा कि किसानों को खाद वितरण में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए,साथ ही उन्होंने गोदाम में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी , और गोदाम प्रभारी लोकेंद्र पटेल ऑपरेटर रामगोपाल राय जयदीप पाराशर भी मौजूद रहे।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा यदि खाद वितरण में कोई गड़बड़ी या लापरवाही पाई गई,तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।





## गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के प्रयास से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 30 नई सड़कों को मिली स्वीकृति

### ग्रामीण इलाकों को जल्द मिलेगी पक्की सड़कों की सौगात

### विकास को मिलेगी नई रफ़्तार! विधायक वर्मा बोले

### "जनता से किया वादा पूरा करने की दिशा में बड़ा कदम।"

**गुनौर** गुनौर विधानसभा क्षेत्र को मिली 30 सड़कों की सौगात पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों को स्वीकृतिविधायक डॉ. राजेश वर्मा के प्रयासों से संभव हुई बड़ी उपलब्धिग्रामीण क्षेत्रों में विकास को मिलेगी नई गतिसड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की तैयारी---गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र को मिली 30 नई सड़कों की स्वीकृतिगुनौर विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास की बड़ी सौगात मिली है। विधायक डॉ. राजेश वर्मा के प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 30 नई सड़कों को स्वीकृति मिल गई है।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अब गुनौर विधानसभा क्षेत्र के कई गाँवों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाएगा।विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि इस स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई राह खुलेगी,और लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी।उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्रामीणों ने इस घोषणा पर खुशी जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।इन सड़कों के निर्माण से न सिर्फ गाँवों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।विकास की इस बड़ी सौगात से गुनौर विधानसभा क्षेत्र में नई उम्मीद जगी है।

# खेत पर मोटर पंप चलाते समय करंट लगने से युवक की मौत

## ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बोंड़ा की घटना



**छतरपुर। ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बोंड़ा में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब खेत पर मोटर पंप चलाते समय 28 वर्षीय युवक को करंट लग गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।**
जानकारी के अनुसार, मंजुल उर्फ रज्जन तिवारी (उम्र 28 वर्ष) सुबह करीब 11 बजे अपने खेत पर मोटर पंप चलाने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक करंट लगने से वह जमीन पर गिर पड़ा। परिजन उसे आनन-फानन में ईसानगर स्वास्थ्य केंद्र होते हुए जिला अस्पताल छतरपुर ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई विनोद तिवारी ने बताया कि सुबह से रज्जन सिंचाई के लिए मोटर चला रहा था। जब बिजली गई और दोबारा आई, तब तार जोड़ते समय एक तार ठीक से नहीं लग पाया, जिससे उसे करंट लग गया। घटना के समय खेत पर बनी झोपड़ी में मृतक की मां मौजूद थीं।
उन्होंने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत मदद की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामला जांच में लिया है।

### खेत में ट्रैक्टर से थ्रेसिंग करते समय किसान के बेटे की करंट लगने से दर्दनाक मौत



**छतरपुर**। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कलानी में देर रात एक दर्दनाक हादसे में किसान के बेटे की करंट लगने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, दीपक विश्वकर्मा (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम कलानी, रात करीब 9 बजे खेत पर ट्रैक्टर से मूंगफली की थ्रेसिंग मशीन चला रहा था। इस दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन ट्रैक्टर के संपर्क में आ गई, जिससे पूरा ट्रैक्टर करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से दीपक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर पर उसके साथ बैठे शुभम चौबे को भी करंट का झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। शुभम को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।

**खबर संक्षेप**

### तलैया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो लोगों की डूबने से मौत



**सटई**। थाना सटई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विजयपुर के पास बुधवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ एक तलैया में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दीनदयाल राजपूत (40) निवासी बरापुरवा और बबलू राजपूत (35) निवासी छापर के रूप में हुई है। दोनों बुधवार रात गाँव से मातगुवां खाद लेने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। बाद में ग्रामीणों को तलैया में पलटे ट्रैक्टर के पास दोनों के शव मिले। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सटई अस्पताल भेजा गया।
प्रारंभिक जांच में यह मामला वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालाँकि मृतकों के परिजन इसे हादसा मानने से इनकार कर रहे हैं। मृतक दीनदयाल के चाचा राजू राजपूत ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि एक दिन पहले विवाद हुआ था और संभवतः किसी ने हत्या कर ट्रैक्टर पलटा दिया। परिजनों ने कुछ ग्रामीणों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मौके पर हंगामा भी किया। थाना प्रभारी रूपनारायण पटैरिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से हुई दुर्घटना लग रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर के निर्देशन में जिले में विभिन्न स्थानों का मौके पर दिलाया कब्जा



**छतरपुर**। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिले में अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण और कब्जा हटाने की लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं। एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल ने बताया की गुरुवार को धारा 250 के आदेश के पालन में आवेदक अजय कुमार गुप्ता मौजा अलुवा वीरान को जमीन का कब्जा दिलाया गया। इस दौरान राजस्व और पुलिस की टीम मौजूद रही। इसके अलावा जिले की अन्य तहसील अंतर्गत राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्राम बारों में आवेदक काशीराम विश्वकर्मा की जमीन का कब्जा दिलाया गया। मौजा शाहपुर में धर्मपाल पिता चैहनू पाल को जमीन का कब्जा दिलाया गया। ग्राम मलका में वेनीबाई अहिरवार को जमीन का कब्जा दिलाया गया। आवेदिका ललती कुशवाहा को ग्राम नाथपुर में जमीन का मौके पर कब्जा दिलाया गया। साथ ही उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरण में आवेदक सुरेन्द्र बिल्थरे निवासी बक्सवाहा को जमीन का कब्जा दिलाया गया। प्रशासन की यह सतत कार्यवाही जिले में पारदर्शी शासन और आमजन के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### कृषि विभाग एवं सिविल लाइन थाना पुलिस ने पकड़ी 65 बोरी अवैध खाद

**छतरपुर**। कृषि विभाग और सिविल लाइन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 65 बोरी अवैध खाद जब्त की गई है। यह खाद शिवनगर कॉलोनी देरी रोड पर कुलदीप सिंह सेंगर के घर में रखी थी।
जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शिवनगर कॉलोनी देरी रोड में कुलदीप सिंह सेंगर के घर में रखी खाद को जब्त किया है। पुलिस घर के बाहर खड़ी पिकअप में खाद लदवाकर सिविल लाइन थाने ले आयी। घेराबंदी कर पिकअप वाहन को जब्त किया। वाहन का ड्राइवर नारायण आदिवासी और उसका साथी भागीरथ आदिवासी, जो घुघरी किशनगढ़ क्षेत्र के रहने वाले हैं।बताया गया है कि यह खाद स्वयं दिहोलिया की बताई जा रही है, जिसे ईशानगर ले जाने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए खाद को जब्त कर लिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. भरत पाठक बने अध्यक्ष



**छतरपुर। महाराजा छत्रसाल स्मृति शोध संस्थान की बैठक जटाशंकर होटल, छतरपुर में आयोजित की गई। बैठक में संस्थान के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. भरत पाठक को अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का रहेगा, जो नवंबर 2028 तक प्रभावी होगा।**
डॉ. भरत पाठक बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं। संघ में 50 वर्ष की आयु तक तृतीय वर्ष शिक्षित स्वयंसेवक के रूप में सेवाएं दी हैं। उन्होंने बी.जे. और एम.जे. (पत्रकारिता) में विशेष योग्यता के साथ पढ़ाई पूर्ण की है तथा हिन्दी विषय में एम.ए. और पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। विद्यार्थी परिषद में उन्होंने ज़िला संयोजक से लेकर महाकोशल प्रांत के पहले प्रांत मंत्री तक की जिम्मेदारी निभाई।
महाराजा महाविद्यालय, छतरपुर में प्राध्यापक रहने के पश्चात उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की, परंतु राजकीय सेवा में न जाकर संघ योजना के अंतर्गत चित्रकूट में परम श्रद्धेय नानाजी देशमुख जी के सान्निध्य में कार्य करना चुना। वहाँ वे चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में सचिव रहे। नानाजी देशमुख द्वारा विश्वविद्यालय सरकार को सौंपे जाने के बाद उन्होंने सरकारी सेवा से त्यागपत्र देकर दीनदयाल शोध संस्थान के कार्य में स्वयं को समर्पित किया। संस्थान में वे सचिव, राष्ट्रीय संगठन सचिव, 15 वर्षों तक राष्ट्रीय प्रधान सचिव और 6 वर्षों तक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे। डॉ. पाठक जनवरी 2018 से 15 मई 2025 तक जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत नमामि गंगे अभियान में ₹गंगा विचार मंच₹ के राष्ट्रीय संयोजक रहे तथा वर्तमान में महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल फॉर रूरल एजुकेशन (एमजीएनसीआरई), हैदराबाद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में उपाध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष राधे शुक्ला, विनय चौरसिया, डॉ. कमलेश अहिरवार, अनिल कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र असाटी, आशीष ताम्रकार, धीरेंद्र शिवहरे, सुशील वैद्य, द्रगेन्द्र सिंह बुंदेला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सचिव डॉ. कमलेश अहिरवार ने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।



### पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**छतरपुर**। थाना राजनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा में 29 अक्टूबर को आरोपियों द्वारा मारपीट एवं हत्या की नीयत से फायर करने संबंधी रिपोर्ट पर थाना राजनगर में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था।पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की तलाश हर संभावित स्थानों में की जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी सत्यम राजा परमार पिता रणधीर सिंह परमार निवासी ग्राम कोटा एवं ध्रुव प्रताप सिंह उर्फ गोल्डी राजा पिता बहादुर सिंह परमार निवासी ग्राम कोटा को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा एवं कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्तों को न्यायालय पेशकर जेल भेजा जा रहा है, अन्य आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी राजनगर निरीक्षक परसराम डाबर, उप निरीक्षक एम बी सिंह, सहायक उप निरीक्षक समीमुल हक सहायक उपनिरीक्षक रामरतन गोस्वामी, प्रधान आरक्षक हेमराज, आरक्षक संजय, शिवकुमार, राजाराम, संदीप, प्रभात, महेंद्र सिंह, जय राम की भूमिका रही।

# वर्ल्ड कप जीतने के बाद आज छतरपुर आएंगीं क्रांति गौंड़



### जगह-जगह होगा भव्य स्वागत घुवारा में चल रही विशेष तैयारी

**छतरपुर**। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की वल्ड चैम्पियन खिलाड़ी क्रांति सिंह गौंड़ वल्ड कप विजय के बाद आज पहली बार अपने गृह जिले छतरपुर आ रही हैं। उनके आगमन को लेकर जिले भर में उत्साह का माहौल है। जगह-जगह स्वागत की तैयारियाँ की गई हैं और उनके आगमन और स्वागत कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रांति सिंह गौड़ आज प्रातः 11:30 बजे विमान द्वारा खजुराहो पहुंचेगी। वहां से वे 12:45 बजे छतरपुर पहुँचेंगी, जहाँ कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बगौता शाखा एवं एसीसी सीमेंट कार्यालय में उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद कृष्णा यूनिवर्सिटी छतरपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। लगभग 2:20 बजे वे गुलगंज पहुँचेंगी, जहाँ चौपरिया सरकार मंदिर दर्शन के पश्चात शशिकांत अग्निहोत्री के फार्म हाउस में स्वागत किया जाएगा। बंधा तिगड्डा और टोल प्लाजा पर रजऊ राजा एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वागत किया जाएगा। करीब 3:10 बजे बड़ा मलहरा आगमन होगा, जहाँ कृष्णा ढाबा पर मनोज यादव, एसडीएम कार्यालय, किशन फर्नीचर समूह, हरशिल अग्रवाल और मोनू देवडिय़ा द्वारा सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 4:20 बजे क्रांति सिंह गौड़ अपने गृह नगर घुवारा पहुँचेगी, जहाँ नगर पंचायत द्वारा तुलादान सहित भव्य स्वागत की तैयारियाँ हैं। इसके बाद वे सागर रोड स्थित अपने निवास वार्ड नंबर 09 में पहुंचेंगी, जहाँ क्षेत्रवासियों द्वारा हर्ष और सम्मान के साथ अभिनंदन किया जाएगा।

# पुलिस प्रशिक्षण शाला छतरपुर में आयोजित यातायात एवं साइबर पाठशाला कार्यक्रम

### एसपी ने साइबर अपराधों से बचाव हेतु बताए उपाय



**छतरपुर**। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देशन में जिले के सार्वजनिक स्थान, शैक्षणिक संस्थानों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज थाना यातायात परिसर पुलिस प्रशिक्षण शाला में यातायात पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि ऑनलाइन ठगी, फिशिंग लिंक, बैंक संबंधी कॉल, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी प्रोफाइल बनाना, तथा ऑनलाइन गेम्स या ऐप्स के माध्यम से ठगी जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे अपराधों से बचाव के लिए किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या संदेश पर अपनी निजी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने, सोशल मीडिया की गोपनीयता सेटिंग्स सुरक्षित रखने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या धोखाधड़ी की सूचना तत्काल राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1930 या निकटतम पुलिस थाने में देने की सलाह दी गई।
सड़क और साइबर दोनों ही क्षेत्रों में जागरूकता एवं सतर्कता ही सुरक्षा का सर्वोत्तम उपाय है। छात्रों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवारजनों व मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रभारी यातायात निरीक्षक बृहस्पति साकेत द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं गोल्डन ऑवर के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु, शारीरिक एवं आर्थिक क्षति से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन आवश्यक एवं सरल है। छात्र-छात्राओं से आग्रह किया गया कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और अपने परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य बताया गया। मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरे बताए गए। वाहन चेकिंग अभियान, चालानी कार्यवाही एवं ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी नियमों की जानकारी दी। बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण एवं लाइसेंस होने पर वाहन चालन की अनुमति दी जाती है।
कार्यक्रम में गोल्डन ऑवर की महत्ता समझाते हुए राहवीर योजना की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शीघ्र उपचार दिलाने पर सहयोगी को शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि एवं व्यय प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय संचालक एवं उपस्थित अध्यापकों से शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप स्कूली वाहन संचालित करने हेतु अपील की गई।

# 55 श्रमिकों को मिला ऑन द स्पॉट लाभ, झलक उठी खुशी

### मजदूरों की समस्याओं के निराकरण एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने प्रशासन पहुंचा उनके पास



**कलेक्टर के निर्देशन में मजदूर चौराहों पर योजनाओं के लाभ दिलाने शिविर का हो रहा सफल आयोजन**

**छतरपुर**। जिला प्रशासन द्वारा जनसेवा और सुशासन की दिशा में लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाना और उनकी समस्याओं का स्थल पर ही समाधान करना है। जिसका लाभ सीधा आमजनता को मिल रहा है।कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में मजदूरों को शासकीय योजनाओं का लाभ देने एवं उनकी स्वास्थ्य जांच के लिए विभिन्न विभागों ने संयुक्त रूप से जिले के मजदूर चौराहों पर कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का आयोजन सप्ताह के अंत तक जारी रहेगा। जिसमें मजदूर भाईयों की स्वास्थ्य जांच, श्रमिक पंजीयन, निकाय एवं जनपद की योजनाओं सहित रोजगार आदि योजनाओं से लाभान्वित किया गया। छत्रसाल चौक छतरपुर में आयोजित हुए कैम्प में 29 अक्टूबर से 4 सितंबर 2025 तक कैम्प में 101 हितग्राही उपस्थित हुए जिसमें से 55 श्रमिकों के तत्काल श्रमिक पंजीयन व संबल कार्ड जारी कर वितरित किए गए। साथ ही 25 हितग्राहियों के आवेदन ऑनलाइन किए गए। कुछ हितग्राहियों को दस्तावेज की कमी के कारण अगले बुलाया गया, इस दौरान कुछ श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। कैंप में श्रम विभाग, खाद्य विभाग, नगरपालिका परिषद, जनपद पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, रोजगार अधिकारी, सामाजिक न्याय विभाग, उपस्थित होकर विभागों से संबंधित श्रमिकों के आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया गया एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदाय की गई। इस पहल से प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम हुई है तथा गुड गवर्नेंस की अवधारणा ज़मीन पर साकार हो रही है। श्रमिकों को मिले ऑन द स्पॉट लाभ से उनके चेहरे पर खुशी की झलक देखी गई।

# संतों ने दिया 'खजुराहो बचाओ अभियान को समर्थन



### सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश किशोर के नेतृत्व में हुई सार्थक चर्चा

**खजुराहो**। विश्वप्रसिद्ध देवालय नगरी खजुराहो में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश किशोर देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से पधारे साधु-संतों के साथ खजुराहो के श्री मतँगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन किया, दर्शन के पश्चात उन्होंने मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के संयोजक पंडित सुधीर शर्मा से भेंट कर खजुराहो बचाओ अभियान के संबंध में विस्तृत चर्चा की।पंडित शर्मा ने अधिवक्ता राकेश किशोर एवं उपस्थित संतों को खजुराहो में प्रस्तावित एयर बेस से होने वाले संभावित नुकसान की जानकारी दी, उन्होंने कहा कि यह पवित्र भूमि केवल आध्यात्मिक साधना, संस्कृति और दर्शन की भूमि है, यहाँ किसी भी प्रकार की सैनिक गतिविधि या औद्योगिक प्रतिष्ठान को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि खजुराहो, पन्ना, महोबा, ओरछा, दतिया, मैहर और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर ऐसे निर्माण कार्य या औद्योगिक गतिविधियाँ न केवल स्थानीय पर्यावरण बल्कि यहाँ की सांस्कृतिक पहचान को भी प्रभावित कर सकती हैं ओर कहा कि पंडित देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दा जी), आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, मां रिताम्भरा जी, श्री मन्नत जी महाराज एवं पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जैसे महान संत सदैव इस बात पर बल देते आए हैं कि मंदिरों में प्रदर्शन नहीं, दर्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था के इन केंद्रों में किसी भी प्रकार का सरकारी या संस्थागत हस्तक्षेप — चाहे वह आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया का हो या एयरपोर्ट अथॉरिटी का — नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह स्थान सनातन संस्कृति की आत्मा हैं।इस अवसर पर श्री वृंदावन धाम के कौशल किशोर ठाकुर, अखिल भारतीय सनातन हेल्पलाइन के विकास भाई, एडवोकेट एसोसिएशन राजनगर के अध्यक्ष आर क़े उपाध्याय, विश्व हिंदू परिषद के राजकुमार,गंगेल, आरएसएस क़े परशुराम रैकवार, राकेश जैन, शांत जैन, शैलेन्द्र यादव चार्ली राजा, परशुराम तिवारी, परिवर्तन एनजीओ की रीना अनुरागी,आयुरग्राम क़े कृष्णा प्रसाद (केरल), सहित देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से पधारे अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे। खजुराहो की पवित्र भूमि पर हुई यह मुलाकात खजुराहो बचाओ अभियान को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करने वाली रही।

# राशन की पर्ची बनवा रहे युवक पर कट्टे से हमला, सिर में आई गंभीर चोट

### पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया



**बड़ामलहरा**। पुलिस अनुभाग अंतर्गत भगवा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा में उस समय सनसनी फैल गई जब राशन की पर्ची बनवा रहे एक युवक पर कट्टे से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुंवरपुरा कला निवासी 21 वर्षीय सुरेश पिता हलकन अहिरवार बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे अपनी छोटी बहन के साथ ब्रजलाल लोधी की चक्की के पास सेल्समेन से राशन की पर्ची बनवा रहा था। तभी खेरी निवासी ऋषि राजा, अब्बू राजा और उनका एक रिश्तेदार वहां पहुंचे और रंजिशन गाली-गलौज करने लगे। जब सुरेश ने विरोध किया तो आरोपियों ने कट्टे की बट से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल को तत्काल सीएचसी बड़ामलहरा ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि यह हमला पुराने विवाद के चलते किया गया है। लगभग छह माह पहले हुई छेड़छाड़ की घटना में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था, जिससे आरोपी रंजिश मानते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।



## मकान पर फर्जी लोन, बैंक ने लगाया ताला

### पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बच्चा जेल के पास रहने वाले सुंदरलाल कुशवाहा नामक व्यक्ति ने आज दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने धोखे से उनके मकान पर 24 लाख रुपये का लोन ले लिया, जिसकी जानकारी उन्हें बाद में हुई।सुंदरलाल कुशवाहा ने बताया कि सद्दाम नामक व्यक्ति ने कथित रूप से उनके मकान का उपयोग करते हुए 24 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर लिया। इस पूरे प्रकरण की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी और न ही उन्होंने इसकी सहमति दी थी। जब लोन की राशि जमा नहीं हुई, तो बैंक प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए उनके मकान पर ताला लगा दिया।पीड़ित ने बताया कि बैंक की इस कार्रवाई के बाद उनका परिवार बेघर हो गया है और अब वे न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सुंदरलाल ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# रीवा से दिल्ली के लिये 72 सीटर विमान भरेगा उड़ानः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू 10 नवम्बर को विमान को करेंगे रवाना, उपमुख्यमंत्री ने शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की**





रीवा ।

विन्ध्यवासियों के लिये इंतजार की घड़ी समाप्त हो रही है। रीवा, विन्ध्य एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को वायुसेवा का नियमित लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। रीवा से दिल्ली के लिये 72 सीटर विमान 10 नवम्बर को रीवा एयरपोर्ट से रवाना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू एलायंस एयर के एटीआर 72 को दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिये रवाना करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आगामी 10 नवम्बर को एयरपोर्ट रीवा में प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाले शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। एयरपोर्ट रीवा में मंच व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इससे पूर्व आयोजित बैठक में कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में हवाई सुविधाओं में वृद्धि हुई व आर्थिक सुदृढ़ता आई है। यह एयरपोर्ट केवल आधारभूत संरचना नहीं बल्कि विन्ध्य क्षेत्र के विकास को दिशा देने वाला माध्यम है। यह इस क्षेत्र की आर्थिक, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। एटीआर-72 विमान के संचालन से विन्ध्य क्षेत्र के साथ ही जिले से लगे उत्तरप्रदेश के लोगों को भी इससे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही रीवा से इंदौर के लिये भी वायुसेवा शुरू होगी जिससे कनेक्टग तौर पर यात्रियों को इंदौर से देश के अन्य शहरों के लिये भी वायुयान उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर एलायंस एयर के प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल व यशवर्धन सिंह ने बताया कि 10 नवम्बर को वायुयान 12.10 बजे रीवा से दिल्ली रवाना होगा। इसके उपरांत 11 नवम्बर से सप्ताह में तीन दिन इस विमान का नियमित रूप से संचालन होगा। बैठक में आयुक्त रीवा संभाग बी.एस. जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र चौहान, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद आज आयेंगे रीवा, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रीवा ।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 7 नवम्बर को भोपाल से वायुयान द्वारा रवाना होकर दोपहर 2 बजे रीवा एयरपोर्ट पहुंचेगे। कोविंद अपरान्ह 3 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूर्व राष्ट्रपति शाम 4.05 बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से रीवा एयरपोर्ट रवाना होंगे। तदुपरांत 4.30 बजे वायुयान द्वारा भोपाल प्रस्थित होंगे।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद का तीन दिवसीय अधिवेशन आज

**रीवा ।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 17वां अखिल भारतीय अधिवेशन रीवा में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में सात नवम्बर से नौ नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ सुशीलचन्द्र त्रिवेदी मधुपेश करेंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अधिवेशन के संबंध में संयोजक श्री चन्द्रकांत तिवारी महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद महाकौशल प्रांत ने बताया कि सात नवम्बर को दोपहर एक बजे प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। इसके बाद शाम 5.30 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा सिरमौर चौराहा, अमहिया, स्वागत भवन, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर, मानस भवन तथा कालेज चौराहा होते हुए कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में समाप्त होगी। उद्घाटन सत्र के अंतिम चरण में रात 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अधिवेशन में 8 नवम्बर को अलग-अलग सत्रों में सुबह 10 बजे से निर्धारित विषयों पर विचार विमर्श और संवाद होगा तथा विद्वानों के व्याख्यान होंगे। रात में 9 बजे सर्वभाषा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। अधिवेशन में 9 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे से बैठकें तथा व्याख्यान के सत्र होंगे। दोपहर 2.30 बजे समापन सत्र के बाद अधिवेशन का विधिवत समापन किया जाएगा। रीवा में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अधिवेशन में एक हजार से अधिक साहित्यकार और विद्वान शामिल हो रहे हैं।

### विद्युत विभाग के अधिकारियों के रवैये से परेशान हो रही क्षेत्र की जनता

**रीवा ।** बिजली विभाग उपभोक्ताओं को मनमाने तरीके से बड़े बिजली बिल थमा रहा है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के जिन घरों में मीटर नहीं लगा है, उन पर भी मनमर्जी बिल थोपे जा रहे है। जनप्रतिनिधियों के कहने पर भी बिजली विभाग के अधिकारी नहीं सुधर रहे। बड़े हुए बिजली बिल को लेकर गुड़ विधायक नागेंद्र सिंह ने नाराजगी जाहिर की है। गत माह गुढ़ विधायक ने कार्यपालन अभियंता, पूर्व संभाग को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि बिजली विभाग ने कनेक्शन में पूर्व पूर्व में में स्वीकृत स्वीकृत भार में बिना किसी विभाग ने कनेक्शन में सूचना या जांच के अत्यधिक वृद्धि कर दी है। अधिकांश उपभोक्ताओं के घर मीटर नहीं लगाए गए हैं। इस कारण मनमानी ढंग से बढ़े हुए औसत बिल दिए जा रहे हैं। गुढ़ विधायक ने विभाग के इस रवैये का विरोध किया है। इस नवम्बर माह में फिर से विद्युत विभाग ने उसी तर्ज पर उपभोक्ताओं को बड़े हुए बिल जारी किए हैं, जिससे विधायक और जनता में नाराजगी बढ़ रही है।अपर मुख्य सचिव की बैठक में जताया विरोधगत दिवस अपर मुख्य सचिव ने संभागीय बैठक ली थी। इस बैठक में गुढ़ विधायक ने मनमानी बिजली बिल का विरोध किया था। साथ ही, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की कमी होने की जानकारी दी थी। इस पर विभाग की तरफ से बताया गया कि कुल 104 नग जले ट्रांसफार्मर बदले गए और बिल से संबंधित 890 आवेदन लंबित रहे. जिनमें शिविर लगाकर सुधार किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने केवल बैठकों और कागजों में गुमराह करते हुए अपनी कार्यप्रणाली में फिलहाल कोई सुधार नहीं किया है।जानकारी मांगी लेकिन विभाग ने नहीं दीगुढ़ विधायक ने वर्ष 2023-24. 2024-25 में कितने उपभोक्ताओं के स्वीकृत भार में कितने वाट की वृद्धि किस दिनांक को हुई, विवरण सहित उपभोक्ताओं की सूची विधायक ने मांगी।



## मतदाताओं को किया जा रहा गणना पत्रक का वितरण

रीवा ।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। बीएलओ चार दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियों में गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। इसमें मतदाता से जुड़ी जानकारी दर्ज कर उसकी एक प्रति मतदाता को दी जाएगी। मतदाता गणना पत्रक में जानकारी दर्ज करने के बाद हस्ताक्षर अवश्य करें। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है। उससे मतदाता अपनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि तीन दिन में सभी मतदाताओं को गणना पत्रक प्रदान कर दिया जाएगा। मतदाता इसे भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, जिससे बीएलओ ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर मतदाता का सत्यापन कर सकें।

## गणना पत्रक वितरण को बीएलओ ऐप से अपडेट कराएं - कलेक्टर



**रीवा।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्राप्त गणना पत्रक का विवरण ईसीआईनेट में दर्ज कराएं। बीएलओ दो प्रतियों में प्रत्येक मतदाता को गणना पत्रक प्रदान करेंगे। गणना पत्रक के वितरण की जानकारी भी बीएलओ ऐप के माध्यम से अपडेट कराएं। बीएलओ घर-घर जाकर गणना पत्रक दें। जिस मतदाता के पास 2003 में मतदाता सूची में दर्ज विवरण उपलब्ध है उसकी जानकारी मौके पर ही बीएलओ ऐप से अपडेट कराकर तथा गणना पत्रक में हस्ताक्षर कराकर संकलित करा लें। गणना पत्रक वितरण के बाद सभी एसडीएम, नगरीय क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक गांव में शिविर लगाएं। इन शिविरों में बीएलओ, पटवारी, रोजगार सहायक, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहकर गणना पत्रक मतदाता से भरवाएं। साथ ही बीएलओ गणना पत्रक की जानकारी ऐप के माध्यम से प्रतिदिन अपडेट करें। कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ गणना पत्रक स्वयं भरें तथा मतदाता से हस्ताक्षर कराएं। गणना पत्रक का तीन दिन में शत-प्रतिशत वितरण करा दें। जिन विधानसभा क्षेत्रों में पूरे गणना पत्रक नहीं मिले हैं उन्हें 7 नवम्बर तक सभी गणना पत्रक प्राप्त हो जाएंगे। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण है। सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा अन्य कर्मचारी पूरी सजगता और कर्मठता के साथ इस कार्य को करें। केवल एक माह की अवधि में 13 लाख से अधिक मतदाताओं का सत्यापन करना चुनौतीपूर्ण है। ठीक से तैयारी और कार्ययोजना बनाकर प्रयास करेंगे तो सरलता से सभी काम समय-सीमा में पूरे हो जाएंगे। गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक पाँच मतदान केन्द्रों पर एक कर्मचारी गणना पत्रक की जाँच के लिए तैनात करें। कलेक्टर ने एसडीएम को नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाने तथा प्राकृतिक आपदा से जुड़े आर्थिक सहायता के सभी प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने कहा कि जिले में 1496 बीएलओ गहन पुनरीक्षण का कार्य कर रहे हैं। सभी बीएलओ ऐप में स्वयं को प्रशिक्षित दर्ज कर दें। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे उपस्थित रहे। सभी एसडीएम और तहसीलदार वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल रहे।

## एक जिला एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला 8 नवम्बर को



रीवा

मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के तत्वाधान में 8 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से इको पार्क रीवा में एक जिला एक उत्पाद एवं निर्यात प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बांस आधारित उद्यमिता को पहचान दिलाने वाली असम की प्रसिद्ध बांस लेडी नीरमोनी शर्मा भी उपस्थित रहेंगी। कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि कार्यशाला में लोकल से ग्लोवल की दिशा में कला, कृषि, प्राकृति और परंपरा को वैश्विक व्यापार की गति से जोड़े जाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भरता, उद्यमिता और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। इच्छुक प्रतिभागी कार्यशाला में भाग ले सकते हैं।06/11/2025, 8:09**pm** - गुड्डू निगम रीवाः संयुक्त संचालक कृषि ने कृषि प्रक्षेत्र सीधी का किया निरीक्षणरीवा । संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप द्वारा शासकीय कृषि प्रक्षेत्र सीधी का निरीक्षण किया गया। फार्म में खरीफ वर्ष में उत्पादित धान सहित अन्य फसलों की जानकारी तथा आगामी रबी में तैयारियां का जायजा लिया। फार्म में स्टोर रूम,कार्यालय, रिकार्ड संधारण का अवलोकन संयुक्त संचालक द्वारा किया गया। उन्होंने समुचित रिकार्ड संधारण एवं साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। फार्म में हुए अतिक्रमण के संबंध में नियमानुसार लेख किये जाने के निर्देश संबंधित को दिए।

## धान उपार्जन की तैयारियों में कोई कोर कसर न रखें - कलेक्टर

**रीवा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है। सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक प्रबंध करें।**

किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ खरीदी केन्द्र में धान की तौल, सिलाई, परिवहन तथा भण्डारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खरीदी केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज करें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक सभी समिति प्रबंधकों को उपार्जन के संबंध में आवश्यक निर्देश दें। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सहकारी समितियों को उपार्जन के लिए आवश्यक राशि तत्काल उपलब्ध कराएं, जिससे समय पर खरीदी केन्द्रों में व्यवस्थाएं की जा सकें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि किसान को खरीदी केन्द्र में धान देने के बाद तीन दिवस में भुगतान सुनिश्चित करें। किसी भी स्थिति में भुगतान सात दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे। प्रत्येक खरीदी केन्द्र के लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारियों के माध्यम से उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थाओं का सत्यापन कराएं। सभी खरीदी केन्द्रों में कम से कम 15 दिवस की धान खरीदी के लिए बारदाने उपलब्ध करा दें। जिले में 37 गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र बनाए जा रहे हैं। इनमें शासन के निर्देशों के अनुरूप गोदाम के बाहर धान की खरीदी कराकर उसे गोदाम में भण्डारित कराएं। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि खरीदी के लिए 75 प्रतिशत बारदाने उपलब्ध हैं। मिलर्स से बारदाने लेकर शेष की पूर्ति की जा रही है। सहकारी समितियों को शीघ्र ही लंबित राशि जारी की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, जिला प्रबंधक वेयर हाउस कमल बागरी, प्रभारी उपायुक्तन सहकारिता उपस्थित रहे।

## डॉ. आर.पी. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल शुकुलगवां के छात्रों ने लहराया परचम

**लोकगीत एवं लोकनृत्य में किया प्रथम स्थान प्राप्त**



मऊगंज

आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष 2025-26 के तहत शहीद केदारनाथ महाविद्यालय में जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के कई विद्यालयों ने प्रतिभाग किया।डॉ. आर.पी. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, शुकुलगवां के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत एवं लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।विद्यालय के संचालक श्री हरिराम तिवारी एवं प्राचार्य श्री शशिधर प्रसाद मिश्रा ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम के समापन अवसर पर शहीद केदारनाथ महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि "गांव के बच्चों में अपार प्रतिभाएं छिपी रहती हैं। पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से उनका शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। यही बच्चे आगे चलकर अपने माता-पिता, विद्यालय और समाज का नाम रोशन करते हैं।"कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विषय चयन, मेजर-माइनर, इलेक्टिव, एमडीसी, सीजीपीए और एजीपीए से अवगत कराया गया**

## महाविद्यालय के गणित विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित



मऊगंजः

जिलेके देवतालाबमहाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के निर्देशन में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से संबंधित अध्यादेश 14(1) एवं 14(2) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ।प्रथम सत्र में डॉ. सुरेंद्र पाल द्वारा अध्यादेश 14(1) से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया, वहीं द्वितीय सत्र में डॉ. विपेन्द्र द्विवेदी ने 14(2) के बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. रजनीश त्रिपाठी, डॉ. विपिन दुबे सहित विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विषय चयन, मेजर-माइनर, इलेक्टिव, एमडीसी, सीजीपीए और एजीपीए जैसी अवधारणाओं से अवगत कराया गया।डॉ. विपिन दुबे ने शोध कार्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।अंत में प्रो. रजनीश त्रिपाठी ने स्वयं पोर्टल के माध्यम से विभिन्न कोर्स और उनके उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन गणित विभाग द्वारा किया गया तथा प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी ने सभी को सफल आयोजन हेतु बधाई दी।

### राष्ट्रीय वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वर्ष भर होंगे कार्यक्रम, आज वन्दे मातरम का सामूहिक गान होगा

**रीवा ।** *राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ देश भर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक समारोह पूर्वक आयोजित की जायेगी। इस अवधि में वर्ष भर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। वन्दे मातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रथम चरण में 7 नवंबर से 14 नवंबर तक वन्दे मातरम गायन को भव्य स्वरूप देने के लिए पुलिस बैंड, स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। 7 नवम्बर को जिला, तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय में वन्दे मातरम का संपूर्ण गायन किया जायेगा। तदुपरांत नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। इसी क्रम में 8 नवंबर को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वन्दे मातरम का गायन ग्राम स्तर तक होगा। जबकि 10 नवम्बर को नगरीय क्षेत्रों में वन्दे मातरम गीत का गायन किया जायेगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी आयोजनों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये हैं।*

### गोकुलदास अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी में रीवा की 30 लड़कियों को मिला रोजगार

**रीवा ।** गोकुलदास अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी के माध्यम से रीवा की 30 बालिकाओं को बैंगलोर में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। कन्या महाविद्यालय रीवा में निर्धन वर्ग की लड़कियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से गोकुलदास एक्सपोर्ट द्वारा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्र में 45 दिन के प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षित 30 बालिकाओं को इस अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी में रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि गोकुलदास कंपनी अन्तर्राष्ट्रीय कंपनी है जिसके बनाये हुए कपड़े पूरे विश्व में निर्यात किये जाते हैं।

## तीर्थ दर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को जाएगी रामेश्वरम और मदुरई, बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का अवसर

**रीवा ।** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 23 नवम्बर को रामेश्वरम और मदुरई की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 23 नवम्बर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। यह ट्रेन 29 नवम्बर को वापस लौटेगी। इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ सतना के 200, सीधी 179 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे। आवेदक बुजुर्ग को आयकर दाता नहीं होना चाहिए। पात्र बुजुर्ग अपनी जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय अथवा नगरीय निकाय में 9 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाटरी के माध्यम से तीर्थयात्रियों का चयन किया जाएगा। यात्रा के दौरान सभी तीर्थयात्रियों को ठहरने, भोजन, पानी, चाय और नाश्ते की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। सभी तीर्थयात्री अपने साथ मौसम के अनुकूल कपड़े, अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री तथा दवाएं अपने साथ रखें। महिला तीर्थयात्रियों को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी। तीर्थदर्शन ट्रेन के लिए प्राधिकृत अधिकारी/प्रभारी व डाटा इंट्री आपरेटर का प्रशिक्षण 7 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदार एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि यात्रियों से प्राप्त आवेदनों की हार्ड कापी जिला कार्यालय में 10 नवम्बर को सुबह 11 बजे अनिवार्यतः उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।